# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–16 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने वीरांगना को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ऊदा देवी के अदम्य साहस को नमन करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उनके अप्रतिम पराक्रम और अदम्य साहस ने न सिर्फ अंग्रेजी सेना को धूल चटाई बल्कि राष्ट्र प्रेम का ऐसा मानक स्थापित किया जो अनंतकाल तक भारत के नागरिकों के लिये प्रेरणा का स्रोत रहेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऊदा देवी न केवल नारी शक्ति बल्कि हर देशवासी के लिये प्रेरणा हैं। उनका बलिदान हमे यह प्रेरणा देता है कि अन्याय बड़ा हो तो प्रतिरोध उससे भी बड़ा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा–

***आज का यह अवसर हमें एक महान वीरांगना के प्रति उनकी स्मृतियों को नमन करने, वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रीयता के साथ जोड़ने का एक माध्यम प्रदान करता है। और नारी शक्ति का सम्मान, वंचित वर्ग का उत्थान, यह डबल इंजन की सरकार का मुख्य ध्येय है। और वीरांगना ऊदा देवी हमें याद दिलाती हैं कि नारी शक्ति कितनी समर्थवान है। यह वीरांगना ऊदा देवी, वीरांगना अवंतीबाई लोधी, वीरांगना झलकारी बाई कोरी, इनकी शहादत और इनका बलिदान इस बात की प्रेरणा हम सभी को प्रदान करता है।***

**********

सोनभद्र जिले में कल शाम एक खदान धंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस खदान में दस से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है। मृतक का शव बरामद कर लिया गया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल और स्थानीय प्रशासन मजदूरों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर प्रयासरत हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया ने बताया है कि ओबरा के बिल्ली मारकुंडी गाँव में कृष्णा खदान के अंदर एक दीवार अचानक ढह गई, जिससे मजदूर अंदर फंस गए।

***कल दोपहर बाद यहां सोनभद्र में ओबरा स्थित इस माइन में कुछ पत्थर और मलबा गिरने से मजदूरों के दबे होने की आशंका है इसमे तुरंत यहां पुलिस और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ टीमें आगई थी। कल रात्रि से लागातार जो है उस मलबे को हटाने का कार्य चल रहा है और बिना रूके चल रहा है एक व्यक्ति के शव को बरामद किया गया अभी अन्य लोगो को ढुड़ने का प्रयास जारी हैं।***

**********

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई भी उपस्थित रहीं। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

**********

प्रदेश में धान खरीद सत्र में पंजीकृत होने वाले किसानों की संख्या चार लाख के करीब पहुंच गयी है। खाद व रसद विभाग के मुताबिक तिरपन हजार तीन सौ तीस किसानों से तीन लाख बारह हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों की सुविधा के लिए चार हजार एक सौ तैंतालीस धान क्रय केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। धान खरीद के लिए खाद्यविभाग के पोर्टल www.fcs.up.gov.in या यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण अनिवार्य हैं।

**********

वाराणसी के रणबांकुरे स्टेडियम में आज अग्निवीर सेना भर्ती रैली के अन्तर्गत गाजीपुर जिले के अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुयी। इस भर्ती के लिये कुल बारह सौ साठ अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से एक हजार पचीस उपस्थित हुए। निर्धारित दौड़ और शारीरिक परीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद छः सौ चौहत्तर अभ्यर्थियों ने अगला चरण पार कर लिया।

**********

अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में आगामी पचीस नवम्बर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम के चलते चौबीस नवम्बर की रात से रामलला के दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिये बन्द कर दिये जायेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सुरक्षा और कार्यक्रम की गरिमा को देखते हुए पचीस नवंबर को भक्त, मंदिर पहुंचकर दर्शन नहीं कर सकेंगे। टेलीविजन और एलईडी स्क्रीन पर ध्वजारोण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

**********

ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में आज विश्व बॉक्सिंग फाइनल कप का शुभारम्भ हुआ। पहला मैच अड़तालीस किलोग्राम भार वर्ग में भारत की मिनाक्षी और कजाकिस्तान की बोलट अकबोटा के बीच हुआ, जिसे मिनाक्षी ने जीत लिया। वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल में सत्रह देश के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में अगले तीन दिनों तक देर रात से लेकर सुबह तक हल्के से मध्यम कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में किसी प्रकार का बड़ा परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा।

**********